Rajkiya Mahavidyalaya Amori(Champawat)

Email: gdcamori@gmail.com Website: www.gdcamori.in

ई0डी0पी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम –रिर्पोट–10th, दिनांक 29–02–2024

दिनांक 29–02–2024 को देवभूमि उद्यमिता विकास योजना 12 दिवसीय ई0डी0पी0 दसवें दिवस प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षक श्रीमती सुषमा कवियत्री व चित्रकला विशेषज्ञ के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को कला, वाल पेंन्टिंग, पोस्टर पेंन्टिंग के बारे में प्रशिक्षण दिया। साथ ही अपने द्वारा बनाये गये विविध प्रकार के पेन्टिंग सभी को दिखाया और उसकी बारीकियों के बारे में समझाया कि इस कला के द्वारा उद्यमी बना जा सकता है। बताया कि पेन्टिंग कला एक अच्छा व्यवसाय है जिसके माध्यम से विविध प्रकार के चित्र बनाकर उद्यम को बढाया जा सकता है। प्रशिक्षक श्री विकास राज सक्सेना के द्वारा आर्ट, एक्टिंग, संगीत, के बारे में प्रशिक्षित करते हुए प्रत्येक प्रतिभागी से चर्चा परिचर्चा की। साथ ही बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत सभी प्रतिभागी प्रत्येक समय क्रियेटिव बने, पहाड़ की चीजों में ही व्यवसाय ढूढें और रोजगार सृजन करें। आर0बी0आई0 अर्थाज रूरल बिजनेस इन्क्यूबेटर चम्पावत से श्रीमती प्रतिभा व श्री पंकट विष्ट ने बिजनेस मॉडल के बारे में विस्तार से बताया साथ ही उद्यम योजना, कार्य, विधिक दस्तावेज व उद्यम/व्यवसाय के बारे में सभी को समझाया। महाविद्यालय की उद्यमिता की सदस्य श्रीमती पुष्पा के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को समयबद्ध कार्य करने, ई0डी0पी0 के तहत प्रशिक्षण के उपरान्त उद्यम कार्य तथा प्रचार प्रसार करने के बारे में समझाया, और कहा कि 12 दिवसीय उद्यम प्रशिक्षण से सभी प्रशिक्षुओं के जीवन में एक नया अध्याय प्रारम्भ हो रहा है, उन्होने सभी टीम के साथ ही समस्त प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री पंकज तिवारी मुख्य प्रशिक्षक ने कार्यक्रम की सभी औपचारिकताओं को पूर्ण किया। ई0डी0पी0 नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता के द्वारा प्रशिक्षुओं से फीडबैक लिया गया। नीमा गोस्वामी ने फीडबैक में बताया कि प्रत्येक दिवस का प्रशिक्षण हमारे लिए उपयोगी है। नीमा भट्ट व बबिता चौहान ने प्रत्येक दिवस की तरह रिर्पोटिंग कार्य में सहयोग किया। ओम प्रकाश, अमित, अंजली, नीमा भट्ट, बी0के0 भट्ट, गीता भट्ट ने अपने अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किये। इस दौरान डॉ0 संजय कुमार, श्री अतुल कुमार मिश्र, श्री संजय कुमार गंगवार उपस्थित रहे। प्रत्येक दिवस की तरह सभी को लन्च उपलब्ध कराया गया।

डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता
नोडल अधिकारी, देवभूमि उद्यमिता योजना
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)

डॉ0 अजिता दीक्षित
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)